वीयू एवं नगर निगम साथ–साथ

आज नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ सीता प्रसाद तिवारी जी से नगर निगम कमिश्नर श्री अनूप सिंह जी ने भेंट कर जबलपुर शहर की नगर निगम से संबंधी बातचीत की एवं कमिश्नर ने तीन मुद्दो पर विशेष रुप से चर्चा की जिनमे वे विश्वविद्यालय प्रशासन का सहयोग चाहते हैं । कुलपति जी द्वारा उन्हें सभी मुद्दो पर पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया तथा शहर के विकास मे संपूर्ण सहयोग वीयू करने प्रतिबद्ध है । प्रमुख मुद्दा था

कि श्वानो और शूकरो की बढ़ती हुई संख्या एवं इमलिया फार्म की जगह कुछ समय को नगर निगम को उपलब्ध कराई जाये । कुलपति जी द्वारा बताया गया कि इमलिया फार्म पर डेयरी टेक्नालॉजी कालेज एवं उसका छात्रावास बनाया जा रहा है अतः इमालिया फार्म की भूमि को उपलब्ध कराना संभव नही होगा परन्तु श्वानो हेतु पशु चिकित्सालय पूर्ण रुपरेखा बना कर देगा, उसके अनुसार नगर निगम द्वारा सहयोग से श्वानो का आपरेशन किया जायेगा । शूकरो को जाल के माध्यम से ही पकडना होगा अन्य उसका और कोई चिकित्सकीय तरीका नही है । सभास्थल पर डॉ. आर.पी.एस. बघेल डीन फेकल्टी, डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता, डॉ. विनाद बाजपेई, कुलसचिव, डॉ. मधु स्वामी, डायरेक्टर वाइल्ड लाइफ एवं डॉ अपरा शाही, विभागाध्यक्ष सर्जरी विभाग उपस्थित थें ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.चि.वि., जबलपुर